इलाज के दौरान महिला की मौत

मृतक के परिजनों ने इलाज में लापरवाही का लगाया आरोप

चायल,कौशाम्बी। पिपरी थाना क्षेत्र के तिल्हापुर मोड़ बाजार स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में बुधवार की रात बुखार से पीडित एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल के स्टाफ पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

चरवा थाना क्षेत्र के सैयद सरावां गांव के मजरा कूड़ापुर निवासी ऑटो चालक बिजेंद्र प्रताप (पुत्र राम प्रताप) ने बताया कि उनकी ४० वर्षीय पत्नी सुमीला देवी को मंगलवार शाम करीब सात बजे तेज बुखार की शिकायत हुई थी। इसके बाद उन्होंने पत्नी को पिपरी के तिल्हापुर मोड़ स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल के चिकित्सकों ने इलाज शुरू करने के साथ ही मरीज के जल्द स्वस्थ होने का पूरा आश्वासन दिया था,लेकिन बुधवार को डॉक्टरों द्वारा कोई समुचित इलाज नहीं किया गया। बुधवार शाम करीब सात बजे अचानक सुमीला की हालत गंभीर होने लगी। परिजन जब उन्हें किसी अन्य बड़े अस्पताल में ले जाने की तैयारी कर रहे थे,उसी दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पिपरी थाना प्रभारी चंद्र भूषण मौर्य पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। पुलिस ने मृतका के पति की तहरीर के आधार पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में चायल के क्षेत्राधिकारी शिवांक सिंह ने बताया कि डेंगू से पीडित महिला की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत का मामला सामने आया है। मृतका के परिजनों की तरफ से मिले शिकायती पत्र को जांच के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी चिकित्सकीय विभाग को भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार मुकदमा दर्ज कर आगे की कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल अधेड़ की मौत

कौशाम्बी। चरवा थाने के राय भान का पूरा के समीप एक सप्ताह पहले अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद से परिजन परेशान थे। बुधवार रात एसआरएन अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक के भाई ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

चरवा गांव निवासी रामचंद्र (४६) पुत्र राधेश्याम १५ अक्तूबर की शाम बाइक से मनौरी गए थे। घर लौटते समय रायभान का पूरा के पास पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही से बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में रामचंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी मिलने पर परिजन उन्हें प्रयागराज के निजी अस्पताल ले गए। हालत में सुधार नहीं होने पर उन्हें एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां इलाज के दौरान बुधवार रात उनकी मौत हो गई।


मृतक रामचन्द्र की फाइल फोटो

अधेड़ की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के भाई राजेश कुमार ने बताया कि अस्पताल में इलाज के चलते वह पहले तहरीर नहीं दे सके थे। गुरुवार को उन्होंने चरवा थाने में प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है, कि घटना की जांच किया जा रहा है।

पात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर दिलाये सरकारी योजनाओं का लाभ -प्रिया सिंह

कौशाम्बी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद कौशाम्बी सुश्री प्रिया सिंह द्वारा विभिन्न विभागों से आए हुए रिसोर्स पर्सन से जाकर कार्य की प्रगति, चिन्हित लाभार्थियों की सूची की जांच की एवं संबंधित सभी विभागों को निर्देश दिया कि किसी भी हाल में कोई भी लाभार्थी छूटना नहीं चाहिए न ही किसी को कोई परेशानी का सामना करना पड़े जो पात्र है उनको त्वरित लाभ मिले लापरवाही बरतने पर कार्यवाही के निर्देश भी दिये।

सचिव ने यह भी कहा कि इस प्रकार के शिविर आमजन को सरकारी योजनाओं एवं विधिक सेवाओं से जोड़ने तथा जरूरतमंद व्यक्तियों को लाभ पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिविर के दौरान आमजन को विभिन्न सरकारी विभागों जैसे युवा कल्याण विभाग, दुग्ध विभाग, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिराथू, श्रम विभाग, राजकीय यूनानी विभाग एवं चिकित्सालय, वन विभाग, लघु सिंचाई विभाग,पशुपालन विभाग, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चायल, पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिलजी योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन , बाल विकास परियोजना, समाज कल्याण विभाग, दिव्यांग विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, आयुष्मान कार्ड, द्वारा संचालित जनकल्याण कारी योजनाओं, विधिक सहायता, पात्र व्यक्तियों के अधिकारों तथा


मेगा कैंप में मौजूद लोग।

जरूरतमंद लोगों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करने पर जोर दिया गया। समस्त विभागों द्वारा कुल ७०० पात्र लाभार्थियों को चिह्नित कर उन्हें संबंधित योजनाओं से लाभान्वित कराने तथा उनकी समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक कार्यवाही किए जाने के संबंध में भी जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री/ मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत कुल ११ लाभार्थियों को चिन्हित कर उनका प्रार्थना पत्र ब्लाक डेवलपमेंट अधिकारी को प्रेषित किया गया। एवं १३ लाभार्थियों का राशनकार्ड से संबंधित समस्या को चिन्हित कर समस्त डाक्यूमेंट के साथ खाद्यय एवं रसद विभाग को भेजा गया। १२ पात्र विकलांग लाभार्थियों का प्रमाण पत्र बनवाने के लिए चिन्हित किया गया एवं पेंशन के लिए कार्य किया गया।

इस अवसर पर अधिकार मित्र ममता दिवाकर, अमरदीप दिवाकर, ज्योत्सना सोनकर, अर्चना पाल, घनश्याम के द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य किया गया जिससे ज्यादा से ज्यादा लाभार्थियों को लाभ मिल सका सचिव ने भी समस्त पीएलवी के द्वारा किए गए कार्य की सराहना की एवं समस्त तहसील चायल परिवार ने भी हर तरह से कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। साथ ही विभिन्न विभागों से आए हुए सभी लोगों का भी विशेष योगदान रहा।

प्रशासन ने सकुशल सम्पन्न कराया दशहरा


सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भ्रमण करती पुलिस ।

कौशाम्बी। जिले भर में मंगलवार व बुधवार को दशहरा पर्व व रामलीला तथा दुर्गा मंदिर के मेला को सकुशल सम्पंन कराया गया। किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। मेला में आने वाली महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीएम और एसपी ने कड़े फरमान जारी किए थे। मेला में चारों ओर पुलिस चप्पे-चप्पे पर तैनात रही। वही अफसर भी घूम-घूम कर मेला में सुरक्षा व्यवस्था का जायता लेते रहे।

जिले के मंझनपुर नगर पंचायत स्थित दशहरा मेला व रामलीला तथा श्रीराम और राजा भरत के मिलाप के दौरान मेला देखने आने वाली जनता की सुरक्षा को लेकर जिलाधिकारी अमित पाल शर्मा व पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत मेला क्षेत्र का भ्रमण करते रहे। इस दौरान मोबाइल फोन व वारलेंस सेट के जरिए भी मातहतों को दिशा निर्देश जारी करते रहे। किसी भी गांव में अगर किसी प्रकार की कोई घटना की जानकारी मिली तो अफसर मौके पर पहुच गए, और शांतिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराए। जिलाधिकारी के आदेश पर जहा सभी थाना क्षेत्रों में उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार व हल्का लेखपाल सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में एडी से चोटी तक का जोर लगाए थे। वही पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर हल्का सिपाही, दरोगा, चौकी प्रभारी, थानेदार, क्षेत्राधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौंबंध करने में जुटे रहे। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था में अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ सिराथू सीओ सिराथू, सीओ चायल एसडीएम मंझनपुर, उप जिला अधिकारी सिराथू, उप जिला अधिकारी चायल अपर जिला अधिकारी सहित सदर कोतवाल महेवाघाट करारी सराय अकिल, पिपरी सैनी कोतवाल व कडाधाम आदि सहित सभी थानेदार व चौकी प्रभारी तथा दरोगा सिपाही तैनात रहे। इस दौरान मेला में आए आस पास के गांवों से लोगों की सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। इस दौरान गांवों में भी जो दुर्गा प्रतिमाओ को विर्सजित करने के लिए ले जाया गया, उनकी सुरक्षा का भी पुख्ता इंतजाम किया गया था। वही गांवों में आयोजित रामलीला में भी सिपाही व दरोगा तथा चौकी प्रभारियों द्वारा लगातार भ्रमण कर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया, और सकुशल दशहरा को सम्पंन कराया गया।

दशहरा मेले में युवकों के बीच मारपीट के मामले में केस दर्ज

चायल,कौशाम्बी। पिपरी थाना क्षेत्र के महमूदपुर मनौरी बाजार में आयोजित दो दिवसीय दशहरे मेले के पहले दिन मंगलवार रात हुई मारपीट मामले में पुलिस ने चार नामजद समेत १९ लोगों के खिलाफ मुकदमा कायम कर जांच शुरू कर दिया है।

चरवा के चिल्ला शहबाजी गांव निवासी बृजेश कुमार सिंह पुत्र स्वर्गीय गुलाब सिंह ने बताया कि मंगलवार की रात लगभग ११ बजे वह अपने भतीजे योगेश सिंह पुत्र राकेश कुमार व अभिमन्यु सिंह पुत्र जनार्दन सिंह के साथ मनौरी में लगे दशहरा मेला देखने गये थे।इसी दौरान वहां पहले से घात लगाए बैठे अन्नू निषाद पुत्र रोहित निषाद निवासी उजिहनी खालसा व नीरज पासी पुत्र अज्ञात निवासी मादपुर, आदित्य, साहिल व १० से १५ लोग अज्ञात हाथ में बेल्ट व कड़ा से बृजेश कुमार और उसके भतीजे को दौड़ा-दौड़ाकर मारे-पीटे जिससे योगेश सिंह और साथी अभिमन्यु घायल हो गए। आरोप है कि इसके पहले भी लगभग एक वर्ष पूर्व उपरोक्त लोग बी पी कोचिंग सेन्टर के पास मारे पीटे थे। योगेश पब्लिक इण्टर कालेज मनौरी में पढ़ता है। आते जाते उसको जान से मार डालने की धमकी देते हैं।घायलों ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी थी। तहरीर पाने के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

रामलीला देखने के लिए उमड़ी भीड़

अंतिम दिन महिलाओं और बच्चों ने उठाया मेले का आनंद, सौंदर्य प्रसाधन और घरेलू सामान की हुई खरीदारी


रामलीला के पात्रों के साथ लोग।

करारी,कौशाम्बी। गुवारा तैयबपुर की ऐतिहासिक रामलीला महोत्सव के तहत आयोजित तीन दिवसीय मेले के अंतिम दिन बुधवार को लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। मेले में महिलाओं और बच्चों ने जमकर खरीदारी की और मनोरंजन का आनंद उठाया। देर शाम तक मेला परिसर में चहल-पहल बनी रही।

गुवारा तैयबपुर में रामलीला की परंपरा करीब १४३ वर्ष पुरानी है। इसकी शुरुआत गंगाराम साहू ने कराई थी। रामलीला मंचन के साथ ही गांव के बाहर स्थित रामलीला मैदान में अंतिम तीन दिनों तक मेले का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष २० अक्तूबर से शुरू हुए मेले में आसपास के गांवों से भी लोग पहुंचे। मेले में महिलाओं ने सौंदर्य प्रसाधन और घरेलू उपयोग की वस्तुओं की खरीदारी की। वहीं, बच्चों ने मेले में लगी दुकानों और मनोरंजन के साधनों का आनंद लिया। विभिन्न दुकानों पर लोगों की भीड़ लगी रही। अंतिम दिन अधिक संख्या में लोगों के पहुंचने से मेला परिसर में रौनक बनी रही। ऐतिहासिक रामलीला और मेले के प्रति ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। मेले के समापन के साथ ही तीन दिवसीय आयोजन संपन्न हो गया।

मनौरी दशहरा मेले में गूंजा जय श्रीराम का उद्घोष, भव्य आयोजन में हुआ रावण वध

चायल,कौशाम्बी। मनौरी बाजार में विजयादशमी के अवसर पर आयोजित ऐतिहासिक दशहरा मेले में रावण वध का भव्य आयोजन किया गया। भगवान श्रीराम के शौर्य और पराक्रम को दर्शाती आकर्षक चौकियों ने लोगों का मन मोह लिया। चौकी प्रतियोगिता में कुल १४ चौकियों ने भाग लिया। विभिन्न स्थानों पर बनाए गए मंचों से चौकियों का स्वागत किया गया। मेले में भारी भीड़ उमड़ी और देर रात तक उत्सव का माहौल बना रहा।

मेले में झूले चूड़ियों खिलौनों और गुड़ की जलेबी समेत विभिन्न प्रकार की दुकानें सजी रहीं।दूसरे जनपदों से भी दुकानदार अपनी दुकानें लगाने पहुंचे। बच्चों युवाओं और महिलाओं ने मेले का जमकर आनंद उठाया।मेले में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। एसडीएम चायल प्रेरणा गौतम,सीओ चायल शिवांक सिंह और एसीपी धूमनगंज रवि गुप्ता लगातार सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। पिपरी थाना प्रभारी चंद्रभूषण मौर्य, पूरामुफ्ती थाना प्रभारी शांतनु सिंह व एस एस आई अर्जुन सिंह और चायल चौकी प्रभारी लाल साहब यादव पुलिस बल के साथ मेले में गश्त करते नजर आए।पुलिस की सक्रियता के बीच मेला शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। श्रीरामलीला कमेटी और मेला कमेटी के पदाधिकारियों ने मेले में पहुंचे लोगों को विजया दशमी की बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मेला संरक्षक शंभूलाल केसरवानी,मेला अध्यक्ष कुबेर चंद्र केसरवानी, प्रबंधक दीपू केसरवानी, कोषाध्यक्ष अवधेश केसरवानी,मेला प्रमुख मनोज पटेल उर्फ मनोज केसरवानी,सुधीर केसरवानी,राजीव केसरवानी,एवं हेमचंद्र केसरवानी,मुन्ना केसरवानी राकेश गुप्ता रामदल कमेटी अध्यक्ष अनिल केसरवानी,बलराम साहू और राजेश केसरवानी सहित कमेटी के अनेक सदस्य मौजूद रहे।मनौरी का दशहरा मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक परंपरा का प्रमुख हिस्सा है। रावण वध और आकर्षक चौकियों के माध्यम से बुराई पर अच्छाई तथा अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश दिया गया।

आकर्षण का केन्द्र बनी रही विद्युत झालरों से सजी चौकियां

सराय अकिल,कौशाम्बी। नगर पंचायत सराय अकिल कस्बे में दशहरा मेले के दूसरे दिन केशरवानी समाज व कांवरिया संघ कमेटी ने बहुत ही सुंदर चौकी निकाली जिसमें कांवरिया संघ के कमेटी अध्यक्ष अमित अग्रहरि को जगह-जगह दर्शको ने पुरस्कृत किया केशरवानी समाज ने दशहरा के मेले में प्रदर्शन किया।

सराय अकिल दशहरा के दूसरे दिन कस्बे में दो चौकिया निकल गई जिसमें केशरवानी समाज व नवयुवक कांवरिया संघ कमेटी ने जोरदार प्रदर्शन किया जो रामलीला मैदान पर लोगों ने खूब लुफ्त उठाया करन चौराहा से फकीराबाद चौराहे तक कस्बा मे चौकिया के अध्यक्ष को सम्मानित किया। दशहरा मेला में चौकी २ दिन निकली गई जिसमें प्रथम दिन रामलीला कमेटी आर एल एम ग्रुप तथा महाकाल ग्रुप कमेटी ने चौकी निकाली जिसमें महाकाल चौकी की खूब सराहना की गई तत्पश्चात दूसरे दिन मेला में दो चौकी निकली गई, इसमें दर्शकों को नवयुवक कांवरिया संघ कमेटी ने कलाकारों ने जोरदार प्रदर्शन किया। दर्शकों ने चौकी का भरपूर आनंद लिया सराय अकिल कस्बे का दूसरे दिन के मेले में डीजे कंपटीशन किया गया एमेले में कई गांव के लोग मेला देखने आए। कांवरिया संघ कमेटी ने चौकी करन चौराहा से निकाली गई।

सड़क सुरक्षा अभियान के तहत ९४ वाहनों का ई-चालान

कौशाम्बी। जिले में सड़क सुरक्षा के तहत अभियान चला कर वाहनों की जांच किया गया। इस दौरान १४ वाहनों का ई-चालान किया गया।

सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए मंगलवार को जिलेभर में सुबह से लेकर देर शाम तक सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान नियमों का उलंघन करने वाले ९४ वाहनों का ई-चालान किया गया। मालवाहक वाहनों में अवैध रूप से सवारी बैठाकर ले जाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। पुलिस और यातायात टीमों ने प्रमुख मार्गों, चौराहों व संवेदनशील स्थानों पर वाहनों की जांच की। पिकअप एवं ट्रैक्टर समेत अन्य मालवाहक वाहनों में सवारी बैठाकर ले जाने पर विशेष नजर रखी गई। इंटरसेप्टर स्पीड रडार गन से वाहनों की गति जांचने के साथ नंबर प्लेट, हेलमेट, सीट बेल्ट और जरूरी अभिलेखों की भी पड़ताल की गई। संदिग्ध व्यक्तियों तथा वाहनों की तलाशी भी ली गई। पुलिस ने वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा में चलने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करने और नशे की हालत में ड्राइविंग से बचने की हिदायत दी। दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट और चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के प्रति जागरूक किया गया।

अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में रहेगी विशेष नजर

कौशाम्बी। स्नातक एमएलसी चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। गुरुवार को एसपी सत्यनारायण प्रजापत ने दुर्गा भाभी सभागार में संबंधित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। चेताया कि मनमानी करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने पुलिस कर्मियों से अपने-अपने दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने और क्षेत्र में सतर्क दृष्टि बनाए रखने को कहा। उन्होंने संवेदनशील व अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के साथ असामाजिक एवं अराजक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए। निर्वाचन प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने को भी कहा। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन के दौरान सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता है। अपील की कि सभी अधिकारी व कर्मचारी आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारी निभाएं, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराई जा सके।

विधान परिषद खण्ड स्नातक निर्वाचन-२०२६: मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना

कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन- २०२६ को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आज कलेक्ट्रेट परिसर से पोलिंग पार्टियों को उनके निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया।

उत्तर प्रदेश विधान परिषद के इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-२०२६ को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आज कलेक्ट्रेट परिसर से पोलिंग पार्टियों को उनके निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। जनपद में दिनांक २३ अक्टूबर, २०२६ को मतदान कराया जाएगा। इसके लिए जनपद में कुल १२ मतदान केंद्र एवं २२ मतदेय स्थल (बूथ) बनाए गए हैं। निर्वाचन प्रक्रिया को व्यवस्थित एवं सुचारु रूप से संपन्न करायेगे।

मुद्रण सम्बन्धी त्रुटियों के आधार पर किसी मतदाता को मताधिकार से वंचित नहीं किया जायेगा

कौशाम्बी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि इलाहाबाद झाँसी खण्ड निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-२०२६ का मतदान दिनांक २३-१०-२०२६ को संपन्न होना है। मतदान के दिन मतदेय स्थलों पर पीठासीन अधिकारियो के पास उपलब्ध मतदाता सूची में मतदाता के विवरण में आंशिक लिपिकीय अथवा मुद्रण सम्बन्धी त्रुटिया होने के आधार पर किसी भी मतदाता को उसके मताधिकार से वंचित नही किया जाएगा। यदि कोई मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान केंद्र पर पहुचता है और पीठासीन अधिकारी अथवा मतदान अधिकारी को मतदाता सूची में उसके विवरण में लिपिकीय अथवा मुद्रण सम्बन्धी अशुद्धियाँ दिखाई देती है, तो ऐसी स्थिति में मतदाता की पहचान सुनिश्चित की जाएगी एवं मतदाता द्वारा प्रस्तुत फोटो पहचान पत्र एवं १० अनुमन्य दस्तावेजो के आधार पर मतदान कराई जाएगी।

श्रीराम एवं भरत के मिलाप को देख कर लोगोंकी आखों से छलके आंसू

आकर्षक विद्युत झालरों से सजी मनमोहक झांकियों को देखने के लिए उमड़ा जनसैलाब

कौशाम्बी। जिले में धूम-धाम के साथ मनाया गया विजय दशमी पर्व। इस मौके पर मंझनपर नगर पालिका में रामलीला का आयोजन किया जाता है। रामलीला में भगवान श्रीराम व रावण के बीच युद्ध हुआ। जिसमे भगवान श्रीराम ने रावण व उसकी सेना का बध कर १४ वर्ष का वनवास पूरा कर अयोध्या वापस लौटे। इस बात की जानकारी अयोध्या वासियों को हुई तो वह राजा भरत के साथ पैदल ही भगवान श्रीराम से मिलने पहुच गए। इस दौरान रास्ते में राजा भरत व भगवान श्रीराम का मिलन हुआ। दोनों भाईयों के प्रेम को देख कर लोगों की आंखें भर गई। लोगों ने भगवान श्रीराम के जयकारें लगाए।

मंझनपुर दशहरा में भरत मिलाप कार्यक्रम देखने को लोगों का जनसैलाब देखते बन रहा था। कार्यक्रम में किसी प्रकार की कोई अशांति न पैदा हो इसके लिए पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण पजापत के निर्देशन में पुलिस टीम पूरी तरह से अलर्ट रहकर अपनी पैनी आंखे गड़ाये रही। यहां पर जिक्र करना जरूरी होगा कि मंझनपुर रामलीला कार्यक्रम के मंचन में रावण वध के बाद भगवान श्रीराम पुष्पक विमान से अयोध्या नगरी पहुंचे यहां पहले से ही छोटे भाई भरत भगवान श्री राम को देखने को लिए इस तरह से आतुर थे कि जैसे ही श्रीराम अयोध्या नगरी पहुंचकर


भरत मिलाप करते भगवान श्रीराम

भाई भरत से मिले तो भरत के सब्र का बांध टूट पड़ा और उनके आंखों से आंसुओं की धारा निकलने लगी। उधर श्रीराम ने भी भरत को गले लगा लिया। यह मंचन देख हजारों की संख्या में मौजूद रहे रहे दर्शक भी भाव विभोर हो गये। वहीं दशहरा के मौके पर इलाकाई लोगों ने मेले का भी खूब लुत्फ उठाया। मेले में निकलने वाली झांकियां देख लोग सराहना करते नहीं थक रहे थे। वही कार्यक्रम के पदाधिकारियों आदि कमेटी के लोग पूरी तरह से अलर्ट रहकर मेले में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न होने इसके लिए घूमते नजर आ रहे थे। वहीं पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुश्तैद रहकर काग्रक्रम का जायजा लेती रही। इस दौरान मेला में आकर्षक विद्युत झालरों से सजी चौकिया निकाली गई। इन चौकियों में भगवान शिवशंकर और पार्वती नृत्य करते रहे। वही श्रीकृष्ण और राधा तथा अन्य देवतों की चौकिया रही। जिन्हे देखने के लिए मंझनपुर नगर पालिका के साथ साथ आस पास के दजर्नो गांवों से लोग भी एकत्रित हुए। लोगों ने भरत मिलाप देखा और भगवान के जयकारें लगाए। इस दौरान मीना बाजार का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने अपने घरेलू सामानों की खरीदारी किया। वही बच्चे भी मेला में झूला आदि का भरपूर आन्नद लिए। इसी प्रकार सिराथू तहसील क्षेत्र के दारानगर में भी मेला का आयोजन किया गया। जिसमे आस पास सहित दजर्नो गावों के लोग मेला में आन्नद लिए। वही शमसाबाद व नूरपुर में भी रामलीला के दौरान श्रीराम की कलाओं का कलाकारों द्वारा मंचन किया गया। मेला को शांतिपूर्ण सम्पंन कराया गया। बहरहाल कुछ भी हो मंझनपुर रामलीला में भगवान श्रीराम की कथाओ का वर्णन करने और भगवान की कलाओ का मंचन करने के लिए फतेहपुर से कलाकारों को बुलाया गया था। कलाकारो ने मंचन किया।

शहजादपुर में आयोजित २५३वें ऐतिहासिक श्रीरामलीला महोत्सव में भरत मिलाप की भावपूर्ण लीला का मंचन किया गया। प्रभु श्रीराम और उनके अनुज भरत के मिलन का प्रसंग देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। लीला के दौरान भाई के प्रति प्रेम, त्याग, समर्पण और मर्यादा का अद्भुत संदेश देखने को मिला। मेले में मौजूद श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीराम के जयकारे लगाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भरत मिलाप की लीला रामायण के सबसे भावुक प्रसंगों में से एक है। चौदह वर्ष के वनवास के बाद प्रभु श्रीराम से भरत का मिलन भाईचारे और पारिवारिक प्रेम की मिसाल प्रस्तुत करता है। कलाकारों ने अपने अभिनय के माध्यम से इस प्रसंग को जीवंत कर दिया।

दोआबा के किसानों से होगी ६२ हजार मीट्रिक टन धान की खरीद

कौशाम्बी। जिले के किसानों की उपज धान खरीदने के लिए शासन ने जिले का लक्ष्य निर्धारित कर दिया है। खरीद का लक्ष्य निर्धारित होते ही विभागीय जिम्मेदारों ने क्रय केंद्रों को सक्रिय करना शुरू कर दिया है। अब तक धान खरीद के लिए विभाग द्वारा २८ क्रय केंद्रों को सक्रिय कर दिया गया है। जिले के किसानों की उनकी प्रमुख उपज धान की खरीद के लिए शासन ने लक्ष्य निर्धारित करते हुए समर्थित मूल्य की घोषण कर दी है। जानकारी देते हुए डीआरएमओ सुधांशु शेखर चौबे ने बताया कि धान खरीद के लिए ४३ क्रय केंद्र खोले जाने हैं। इनमें से २८ क्रय केंद्र खुलवाते हुए उन्हें सक्रिय कर दिया गया है। बाकी को खोले जाने को लेकर प्रयास किया जा रहा है। इन किसानों को सामान्य धान की कीमत २४४१ रुपये तो ग्रेड एक की कीमत २४६१ रुपये प्रति क्विंटल क्रय केंद्रों से अदा की जाएगी। जिले भर के किसानों से कुल ६१ हजार मीट्रिक टन धान की खरीद की जानी है जो एक नवंबर से खुल चुके सभी क्रय केंद्रों पर शुरू कर दी जाएगी। जिससे किसान अपने धान की तौल करा सके।

गाजे-बाजे के साथ दुर्गा प्रतिमा का किया विसर्जन

सराय अकिल,कौशाम्बी। नगर पंचायत सराय अकिल कस्बे में बड़े ही धूमधाम के साथ मूर्ति विसर्जन किया गया मूर्ति विसर्जन में पुलिस जगह-जगह तैनात हुए थाना अध्यक्ष विनीत सिंह ने सभी पंडालो का जायजा लिया गुरूवार को संपूर्ण पंडाल में बेरूई गांव में विसर्जन किया गया। जगह-जगह फोर्स लगाए गए।

नगर पंचायत सराय अकिल कस्बे में बड़े धूमधाम से मूर्ति विसर्जन किया गया मूर्ति विसर्जन में पुलिस जगह.जगह तैनात रही थाना अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने सभी पंडाल का जायजा लिया सोमवार को संपूर्ण पंडाल में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन बेरूई गांव में किया गया मूर्ति विसर्जन में नगर पंचायत अध्यक्ष अनूप सिंह शामिल हुए पुलिस बल जगह-जगह मौजूद रही विसर्जन पर चायल क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे। सराय अकिल कस्बे में नवरात्रि समाप्त होने के पश्चात दो दिवसीय दशहरा संपन्न होने के बाद सोमवार को मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम हुआ जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष अनूप सिंह शामिल रहे मूर्ति विसर्जन में थाना अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह सभी पंडाल पर जाकर जायजा लिया तथा मौलवीगंज रामलीला मैदान गल्ला मंडी भगवतीगंज फकीराबाद सभी पंडाल में पुलिस बल तैनात किए सोमवार को कस्बे में हवन का कार्य किया गया माता के विसर्जन में डीजे की धुन पर माता के भक्त नाचते गाते निकले विसर्जन में हजारों भक्त


विर्सजन के लिए दुर्गा प्रतिमा ले जाते श्रद्धालु

शामिल रहे दुर्गा प्रतिमा विसर्जन बेरूई गांव में किया गया इस मौके पर नगर अध्यक्ष अनूप सिंह दीपू केसरवानी मुकेश केशरवानी दीपू जयसवाल जगदीश बधिक अजय कुमार अग्रहरि पत्रकार गौरी शंकर मोदनवाल सतीश जायसवाल राजू केसरवानी निखिल केसरवानी डंपी केसरवानी नितेश यादव पप्पू सिंह संदीप पाठक आदि लोग शामिल रहे।

सराय अकिल कस्बे में दो दिवसी दशहरा मेले के दूसरे दिन नव युवक कांवरिया संघ कमेटी ने भाव कलात्मक चौकी निकाली,नवयुवक कांवरिया संघ कमेटी के अध्यक्ष अमित अग्रहरि ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ऐतिहासिक दशहरा मेले के अवसर पर कमेटी की ओर से भव्य चौकी निकाली गई। बुधवार शाम को शिवाला मंदिर से चौकी का शुभारंभ हुआ। चौकी में आकर्षक कलात्मक प्रदर्शन ने लोगों का ध्यान खींचा। चौकी के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा। चौकी के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं और नगरवासियों ने फूल बरसाकर स्वागत किया। कमेटी की ओर से किए गए भव्य प्रदर्शन पर लोगों ने खूब सराहना की। दशहरा मेले में निकली आकर्षक चौकी लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी रही। मौके पर अध्यक्ष अमित अग्रहरि, कृष्ण कुमार ताम्रकार, संरक्षक डॉ. बी,के दिवाकर, अभिनंदन सोनी, सनी निषाद, पंकज नामदेव, सोहनलाल सोनी, सनी सोनी, हर्ष रस्तोगी, हिमांशु वर्मा, विकास वर्मा राकेश कुमार शिव प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।